समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 31 August 2026

# CSK मे 18 साल का ऐतिहासिक दौर खत्म, स्टीफन फ्लेमिंग ने छोड़ा हेड कोच का पद

Sanket Morankar
Published on 13 Jul 2026



इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) की सबसे सफल फ्रेंचाइज़ियों में शामिल **चेन्नई सुपर किंग्स (CSK)** के लिए एक ऐतिहासिक अध्याय समाप्त हो गया है। टीम के लंबे समय तक हेड कोच रहे **स्टीफन फ्लेमिंग** ने 18 वर्षों बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। फ्रेंचाइज़ी ने आधिकारिक रूप से पुष्टि की कि फ्लेमिंग और टीम प्रबंधन ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला लिया है।

यह फैसला आईपीएल 2027 की तैयारियों से पहले लिया गया है और इसे CSK के इतिहास का सबसे बड़ा बदलाव माना जा रहा है। फ्लेमिंग के नेतृत्व में चेन्नई सुपर किंग्स ने केवल ट्रॉफियां ही नहीं जीतीं, बल्कि दुनिया की सबसे सफल और लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टी20 टीमों में अपनी पहचान बनाई।

## 2008 मे खिलाड़ी, 2009 से बने हेड कोच

न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान **स्टीफन फ्लेमिंग** आईपीएल के पहले सीजन यानी **2008** में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए बतौर खिलाड़ी जुड़े थे। अगले ही वर्ष उन्होंने हेड कोच की जिम्मेदारी संभाली और तब से लेकर 2026 तक लगातार इस भूमिका में बने रहे।

फ्लेमिंग और **महेद्रं सिंह धोनी** की जोड़ी आईपीएल इतिहास की सबसे सफल कप्तान-कोच जोड़ियों में गिनी जाती है। दोनों ने मिलकर टीम में अनुशासन, स्थिरता और जीत की संस्कृति विकसित की, जिसकी बदौलत CSK ने वर्षों तक अपनी मजबूत पहचान बनाए रखी।

## फ्लेमिंग के कार्यकाल मे CSK ने रचा इतिहास

स्टीफन फ्लेमिंग के मार्गदर्शन में चेन्नई सुपर किंग्स ने कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कीं। उनके नेतृत्व में टीम ने **5 बार आईपीएल ट्रॉफी** अपने नाम की और **2 बार चैंपियंस लीग टी20** का खिताब जीता।

इसके अलावा CSK ने उनके कार्यकाल में **रिकॉर्ड 12 बार प्लेऑफ** में जगह बनाई और **10 बार आईपीएल फाइनल** खेला। लगातार बेहतर प्रदर्शन और दबाव में शानदार रणनीति के कारण फ्लेमिंग को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टी20 कोचों में गिना जाता है।

### धोनी और फ्लेमिंग की साझेदारी रही सबसे सफल

महेंद्र सिंह धोनी और स्टीफन फ्लेमिंग की साझेदारी ने चेन्नई सुपर किंग्स को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। दोनों ने मिलकर खिलाड़ियों का विकास, टीम चयन और मैच रणनीति में संतुलन बनाए रखा।

युवा खिलाड़ियों को अवसर देने के साथ-साथ अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा बनाए रखने की नीति ने CSK को हमेशा प्रतिस्पर्धी बनाए रखा। यही कारण है कि टीम ने कई बार मुश्किल परिस्थितियों से वापसी करते हुए खिताब अपने नाम किए।

### अन्य सुपर किंग्स टीमों के भी रहे कोच

आईपीएल के अलावा फ्लेमिंग ने सुपर किंग्स फ्रेंचाइज़ी की अन्य टीमों के साथ भी काम किया। उन्होंने **SA20 लीग** में **जोहान्सबर्ग सुपर किंग्स** तथा **मेजर लीग क्रिकेट (MLC)** में **टेक्सस सुपर किंग्स** के मुख्य कोच के रूप में जिम्मेदारी निभाई।

हालांकि इन टीमों ने कई बार प्लेऑफ तक का सफर तय किया, लेकिन कोई भी टीम खिताब जीतने या फाइनल तक पहुंचने में सफल नहीं हो सकी। वर्ष 2026 के MLC सीजन में टेक्सस सुपर किंग्स का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा और टीम अंक तालिका में सबसे नीचे रही। यह सुपर किंग्स फ्रेंचाइज़ी के साथ फ्लेमिंग का अंतिम असाइनमेंट साबित हुआ।

### CSK के लिए भावुक पल

स्टीफन फ्लेमिंग का इस्तीफा चेन्नई सुपर किंग्स के करोड़ों प्रशंसकों के लिए भावुक करने वाला क्षण है। उन्होंने लगभग दो दशकों तक टीम को स्थिर नेतृत्व दिया और CSK को केवल एक फ्रेंचाइज़ी नहीं, बल्कि विश्व क्रिकेट का एक मजबूत ब्रांड बनाया।

फ्रेंचाइज़ी ने फ्लेमिंग के योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सेवाएं हमेशा CSK के इतिहास का महत्वपूर्ण हिस्सा रहेंगी।

### अब नए दौर की शुरुआत

फ्लेमिंग के जाने के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि चेन्नई सुपर किंग्स का अगला हेड कोच कौन होगा। फ्रेंचाइज़ी ने अभी तक नए कोच के नाम की घोषणा नहीं की है, लेकिन माना जा रहा है कि आईपीएल 2027 से पहले टीम जल्द ही अपने नए नेतृत्व की घोषणा करेगी।

18 वर्षों तक चले इस सफल सफर के बाद स्टीफन फ्लेमिंग की विदाई भारतीय क्रिकेट और आईपीएल इतिहास के सबसे यादगार अध्यायों में हमेशा दर्ज रहेगी।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.